door-jamb with naga hood and a Garuda pedestal have been unearthed. An eight stepped ghat has also been exposed on the western bank of the same river.

### G.T. Road between Barakar and Kumardhubi

8025. SHRI A. K. ROY: Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Grand Trunk Road in the region between Barakar and Kumardhubi is in a very bad shape causing accident and disruption of the traffic;

(b) whether it is a fact that Barakar Bridge connecting West Bengal and Bihar may crumble any time causing a major disaster;

(c) whether it is a fact that Bihar Government (P.W.D.) prepared a detailed estimate for the repair of the road and bridge and sent to the Centre on 13th March, 1981 which was returned on the ground that the new by-pass road would serve the purpose of the Grand Trunk Road;

(d) if so, whether it is a fact that new by-pass road may aid but cannot substitute the G.T. Road in that region; and

(e) if so, steps taken thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI SITA RAM KESARI): (a) to (e). The portion of the old G. T. Road passing through Barakar and Kumardhubi in Bihar has now been bypassed as a result of re-alignment of National Highway route in this reach to serve as approaches to the new bridge over the river Barakar which is already open to traffic. The responsibility for maintenance and development of the abandoned N.H. portion between Kapasara and Niamatpur (*via* Barakar and Kumardhubi) including the old existing bridge now rests with the State Governments concerned.

### जी० आर० पी० और आर० पी० एफ० का विलय

8026. श्री हरीश रावत : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय ने आर० पी० एफ० के साथ जी० आर० पी० का विलय करने का निर्णय ले लिया है ; और

(ख) यदि नहीं, तो दोहरी सुरक्षा व्यवस्था से उत्पन्न विसंगतियों को किस तरीके से दूर करने का सरकार का विचार है ?

रेल मंत्रालय एवं संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी, नहीं ।

(ख) राजकीय रेलवे पुलिस रेल परिसर में कानून और व्यवस्था संबंधी समस्याओं का समाधान करती है तथा यात्रियों और उनके सामान की सुरक्षा भी करती है । राजकीय रेलवे पुलिस रेल संपत्ति विधि विरुद्ध कब्जा अधिनियम के अन्तर्गत न आने वाले रेल संपत्ति की हानि के मामले भी दर्ज करती है तथा उनकी जांच पड़ताल करती है । रेलवे सुरक्षा बल का गठन रेल संपत्ति तथा बुक किये गये परेषणों/रेलवे को परिवहन के लिये सौंपी गई संपत्ति की रक्षा, सुरक्षा करने के लिए किया गया है । दोनों ही बलों की जिम्मेदारी का क्षेत्र अलग अलग है. अत: किसी भी स्तर पर दोहरी जिम्मेदारी का कोई प्रश्न नहीं उठता ।

### लखनऊ काठगोदाम एक्सप्रेस में रामनगर के लिये जुड़े स्लीपर डिब्बे

8027. श्री हरिश रावत : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लखनऊ काठगोदाम (नैनीताल) एक्सप्रेस में रामनगर के लिये जुड़े

सवारी-डिब्बे को गन्तव्य तक पहुंचने से पहले ही अलग कर दिया जाता है।

(ख) यदि नहीं, तो गत छः महीनों के दौरान यह सवारी डिब्बा कितनी बार रामनगर नहीं पहुंचा ; और

(ग) उनके क्या कारण हैं और यह सुनिश्चित करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है कि उक्त सवारी डिब्बा निरापवाद रूप से रामनगर पहुंचता है ?

रेल मंत्रालय एवं संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) (क) से (ग). 8 डाउन नैनीताल एक्सप्रेस के विलम्ब से चलने के कारण, अक्तूबर, 1981 से मार्च, 1982 तक की अवधि के दौरान लखनऊ–रामनगर थ्रू सवारी डिब्बा 140 बार रामनगर तक नहीं ले जाया जा सका। मेल लेने वाली 129 लालकुआ-रामनगर पैसन्जर गाड़ी को भी विलम्ब से नहीं चलाया जा सका क्योंकि यह गाड़ी दैनिक यात्रियों के लिये है।

लखनऊ-रामनगर थ्रू सवारी डिब्बें का नियमित रूप से चालन सुनिश्चित करने के लिये, 8 डाउन नैनीताल एक्सप्रेस की समय पाबन्दी सुधारने के लिये कारगर उपाय किये जा रहे हैं ?

**उत्तर प्रदेश में द्वारहाट में महाभारत काल के मंदिरों को जीर्ण-शीर्ण अवस्था**

8028. श्री हरीश रावत : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय को इस बात की जानकारी है कि द्वारहाट (विराट नगर), जिला अल्मोड़ा, उत्तर प्रदेश में महाभारत काल के कलात्मक मंदिर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं ; और

(ख) यदि हां तो उन मंदिरों के संरक्षण और सुरक्षा के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

शिक्षा तथा संस्कृति और समाज कल्याण मंत्रालयों में उपमंत्री (श्री पी॰ के॰ थुंगन) (क) और (ख). द्वारहाट, जिला अल्मोड़ा स्थित केन्द्रीय परिरक्षित उन मंदिरों का रख-रखाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण करता है जो कि मध्यकाल के हैं। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान विशेष मरम्मत के लिये 20,000/– रुपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है ?

**परिवार नियोजन कार्यक्रम पर खर्च**

8029. श्री हरीश रावत :

श्री जय नारायण रौत : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वित्तीय वर्ष 1981–82 के दौरान परिवार नियोजन कार्यक्रम पर राज्यों ने कुल कितनी धनराशि खर्च की ;

(ख) वर्ष 1981–82 में उत्तर प्रदेश में नसबन्दी के कुल कितने आपरेशन किये गये ; और

(ग) इस संबंध में राजस्थान के आदिवासी क्षेत्रों की क्या उपलब्धि रही ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री) बी॰ शंकरानन्द) : (क) 15475.55 लाख रुपये (अनन्तिम)

(ख) फ़रवरी, 1982 तक 124,576 नसबन्दी आपरेशन (अनन्तिम) किये गये।

(ग) आदिवासी क्षेत्रों में कार्य–निष्पादन के अलग आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। तथापि, 1981–82 के दौरान